2021/75

(1)

FORM NO. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत न्यायालय प्रथम अपील अधिकारी एवं जिला कलक्टर मुकाम करौली

जनवेद मीना पुत्र श्री प्रहलाद मीना ग्राम सपोटरा की झोपडी (भम्बुपुरा) तहसील सपोटरा जिला करौली (राज0) – अपीलाण्ट

बनाम

लोक सूचना अधिकारी एवं विकास अधिकारी, पंचायत समिति, सपोटरा – रेस्पोण्डेण्ट

मु.नं. 54/2021 किस्म मुकदमा–अपील सूचना का अधिकार अधि. 2005 ता.रजु. 07.06.2021

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए
07.06.2021	अपीलाण्ट द्वारा लोक सूचना अधिकारी एवं विकास अधिकारी, पंचायत समिति, सपोटरा को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(1) तहत आवेदन प्रेषित कर कस्बा सपोटरा की झोपड़ी भम्बुपुरा के राजकीय प्राथमिक विद्यालय भम्बुपुरा की सरकारी भूमि खसरा नंबर 478/2 व 478/3 से संबंधित कुल 16 बिन्दूओं की सूचना चाही गई थी। प्रत्यर्थी द्वारा आवेदक को सूचना उपलब्ध नहीं करवाये जाने के कारण यह प्रथम अपील पेश की है। अपीलाण्ट की अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर अपील का अवलोकन किया गया। अपीलार्थी को लोक सूचना अधिकारी एवं विकास अधिकारी, पंचायत समिति, सपोटरा द्वारा सूचना उपलब्ध नहीं करवाये जाने के कारण यह अपील पेश की है। लोक सूचना अधिकारी एवं विकास अधिकारी, पंचायत समिति, सपोटरा के प्रथम अपीलीय अधिकारी जिला कलक्टर नहीं है। अतः अपील अस्वीकार की जाती है। अपीलार्थी संबंधित विभाग के प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय में अपील पेश कर सकता है। निर्णय की प्रति अपीलाण्ट को भिजवाई जावे। निर्णय सरे इजलास सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो। (हस्ताक्षर) प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं जिला कलक्टर, करौली	624 08.06.2021